Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding issues of Anganwadi workers and helpers in Jammu Parliamentary Constituency.

श्री जुगल किशोर (जम्मू): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से जम्मू-कश्मीर का एक मुद्दा उठाना चाहता हूँ। जम्मू-कश्मीर में हमारी जो माँ-बहनें आंगनवाड़ी वर्कर्स तथा हेल्पर्स हैं, वे कई महीनों से हड़ताल पर बैठी हुई हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूँ कि आंगनवाड़ी वर्कर्स तथा हेल्पर्स अपने घर-परिवार की तरह हमारे राज्य में कई जगहों पर सेवा कर रही हैं। वे शिशुओं को पढ़ाने के साथ-साथ उनको खाने-पिलाने का भी ख्याल रखती हैं।

महोदया, यह बड़ी विडंबना की बात है कि इनसे सिर्फ आंगनवाड़ी वर्कर के नाते ही काम नहीं लिया जाता है, आंगनवाड़ी वर्कर्स तथा हेल्पर्स केवल आंगनवाड़ी केन्द्र ही नहीं चलाती हैं, बल्कि विशेषतौर पर जम्मू-कश्मीर में वे पल्स पोलियो, बच्चों को दवाई पिलाने का काम, चुनाव ड्यूटी, सर्वे, आधार कार्ड तथा समाज कल्याण विभाग की कई अन्य योजनाओं में अपनी सेवाएं देती हैं। लेकिन इनको जो मानदेय मिलता है, वह पर्याप्त नहीं है और उससे वे अपना घर-परिवार चलाने में सक्षम नहीं हैं। मेरा इतना ही प्रार्थना है कि केन्द्र सरकार के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सरकार को कहा जाए कि इनकी हड़ताल को समाप्त किया जाए और इनका मानदेय बढ़ाया जाए। इनको अपना घर-परिवार चलाने के मुताबिक मानदेय मिले। ये वे माँ-बहनें हैं जो हमारे बच्चों का ख्याल रख रही हैं। वे काफी देर से हड़ताल पर बैठी हुई हैं।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

डॉ. मनोज राजोरिया तथा

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री जुगल किशोर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।